वर्ष-01, अंक-128
छपरा
शुक्रवार, 8 मार्च 2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com | E-Paper | website : www.dainikkhojkhabar.live

# मोदी बोले-ये नया जम्मू-कश्मीर इसका इंतजार दशकों से था

### आज ये खुलकर सांस ले रहा, विपक्ष ने 370 के नाम पर देश को किया गुमराह

**श्रीनगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को जम्मू-कश्मीर दौरे पर पहुंचे। उन्होंने श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत 6400 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया। 1000 युवाओं को जॉब लेटर भी दिए। इसके बाद युवा उद्यमियों से उनकी कामयाबी के किस्से और समस्याएं सुनीं। पीएम मोदी ने बख्शी स्टेडियम की सभा में कहा- धरती के स्वर्ग पर आने का एहसास शब्दों से परे है। यह वो नया जम्मू-कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। यह वो जम्मू-कश्मीर है, जिसके लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया। इसकी आंखों में भविष्य की चमक है। चुनौतियों को पार करने का हौंसला है। पीएम ने कहा- जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का भुक्तभोगी रहा है। यहां जेएंडके बैंक में भाई-भतीजों को भरकर इन परिवारवादियों ने बैंक की कमर तोड़ दी थी।



# 1000 फीट की ऊंचाई, भूरे पत्थरों से बना शिव मंदिर...

### पीएम मोदी ने किया शंकराचार्य पहाड़ी को नमन, शेयर की फोटो



श्रीनगर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव से पहले श्रीनगर का दौरा किया और बख्शी स्टेडियम में 6400 करोड़ रुपये की 53 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने श्रीनगर के एक महत्वपूर्ण स्थल शंकराचार्य पहाड़ी की तस्वीरें भी अपने एक्स अकाउंट में शेयर की। पीएम मोदी ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा कि थोड़ी देर पहले श्रीनगर पहुंचने पर भव्य शंकराचार्य हिल को दूर से देखने का अवसर मिला। शंकराचार्य पहाड़ी की चोटी पर भूरे पत्थरों से निर्मित प्राचीन शंकराचार्य मंदिर गर्व से खड़ा है। जो घने जंगलों से घिरा हुआ है। इसे मूल रूप से तख्त-ए-सुलेमान कहा जाता था। जिसका अर्थ है सुलैमान का सिंहासन। बाद में इसका नाम एक संत के नाम पर रखा गया, जिन्होंने 750 ईस्वी में वहां ज्ञानोदय का प्रचार किया था। भगवान शिव को समर्पित ये मंदिर 1000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यहां 10-15 मिनट में सीढ़िया चढ़कर वहां पहुंचा जा सकता है।

# यूपी में 13 हजार अवैध मदरसों को बंद करने की सिफारिश

- **एसआईटी ने योगी सरकार को सौंपी जांच रिपोर्ट, किया बड़ा दावा**

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में 13 हजार अवैध मदरसों को बंद करने की सिफारिश की गई है। इसको लेकर एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट योगी सरकार को सौंप दी है। एसआईटी जांच में 13 हजार मदरसों को अवैध पाया गया है। इन मदरसों में से ज्यादातर नेपाल सीमा पर स्थित हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन मदरसों का निर्माण पिछले दो दशकों में खाड़ी देशों से मिले पैसों से किया गया। जांच एजेंसी एसआईटी ने जिन 13 हजार मदरसों को बंद करने की सिफारिश की है, उनमें से अधिकतर मदरसे नेपाल सीमा से लगे महाराजगंज, श्रावस्ती, बहराइच समेत 7 जिलों में स्थित हैं। नेपाल से सटे हर सीमावर्ती जिले में मदरसों की संख्या 500 से अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन मदरसों से उनकी आय और व्यय का ब्योरा मांगा गया तो वे उपलब्ध नहीं करा सके। इससे आशंका जताई जा रही है कि सोची-समझी साजिश के तहत जुटाई गई रकम को हवाला के जरिये मदरसों के निर्माण के लिए भेजा गया। ज्यादातर मदरसों ने अपने जवाब में चंदे की रकम

# अब चांद पर न्यूक्लियर प्लांट बनाने की तैयारी में रूस-चीन

### रूसी स्पेस एजेंसी बोली- इसके लिए तकनीक तैयार, न्यूक्लियर पावर से चलने वाला रॉकेट भी बनाएंगे

**मास्को (एजेंसी)।** चीन और रूस मिलकर चांद पर परमाणु प्लांट बनाना चाहते हैं। इसके लिए दोनों मिलकर काम करेंगे। रूसी स्पेस एजेंसी रॉसकॉसमॉस के यूरी बोरिसोव ने कहा कि 2033-35 में रूस और चीन मिलकर चांद की सतह पर न्यूक्लियर पावर प्लांट लगाएंगे। बोरिसोव ने कहा- इस न्यूक्लियर पावर प्लांट को चांद की सतह तक पहुंचाने के लिए रूस न्यूक्लियर पावर से चलने वाला रॉकेट ज्यूस बनाएगा। ये एक कार्गो रॉकेट होगा और पूरी तरह से ऑटोमैटिक होगा। इसे चलाने के लिए इंसान की जरूरत नहीं होगी, सिर्फ लॉन्चिंग पर इंसानों को ध्यान देना होगा। साल 2021 में ही रूस और चीन ने मिलकर चंद्रमा पर साइंटिफिक स्टेशन बनाने का रोडमैप तैयार कर लिया था। इसके लिए डेडलाइन 2035 है। बोरिसोव ने कहा- यह न्यूक्लियर पावर प्लांट ऑटोमेटेड मोड में तैनात किया जाएगा। चांद पर पावर प्लांट लगाने के दौरान किसी भी इंसान को चांद पर नहीं भेजा जाएगा। पावर प्लांट बनाने की तकनीक पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा- इस प्रोजेक्ट में टेक्निकल लूनर रोवर रहेंगे, जो रिसर्च करेंगे।



# सपा विधायक इरफान के घर ईडी ने मंगवाए कटर-प्रिंटर

**कानपुर (एजेंसी)।** कानपुर में सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके रिश्तेदारों के घर ईडी ने रेड मारी। कानपुर और मुंबई में करीब 8 ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई हुई है। सुबह 6 बजे इरफान सोलंकी के जाजमऊ स्थित घर पहुंचीं। इसके अलावा बेकनगंज के घर पर भी अफसर मौजूद हैं। अफसरों ने घर के लोगों के मोबाइल जमा करा लिए। सीसीटीवी कनेक्शन काट दिए हैं। ईडी की एक स्पेशल टीम मुंबई भी पहुंची है। कानपुर में इरफान के अलावा उनके भाई, साथी बिल्डर हाजी वसी और सपा नेत्री के घर भी टीम पहुंची है। सूत्रों के मुताबिक,ईडी की टीम उसकी बेनामी प्रॉपर्टी के बारे में जानकारी जुटा रही है। समाजवादी पार्टी विधायक इरफान सोलंकी एक साल से जेल में बंद हैं। दिसंबर 2022 में उन्हें जेल भेजा गया था। बाद में उन्हें महाराजगंज जेल ट्रांसफर कर दिया गया। विधायक पर महिला ने प्लॉट पर कब्जा करने की मंशा से आगजनी करने का आरोप लगा है।

# बच्चों की आड़ में हथियार समेत प्रदर्शन बहुत शर्मनाक

### हाईकोर्ट ने किसान नेताओं को जमकर फटकारा, पूछा-जंग चाहते हैं क्या?

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन पर कड़ी टिप्पणियां की हैं। किसान नेता बलबीर राजेवाल और अन्य की तरफ से दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने कहा कि किसान आंदोलन में बच्चों को आगे किया जा रहा है। यह बड़े शर्म की बात है कि बच्चों की आड़ में हथियार समेत प्रदर्शन किया जा रहा है। कैसे माता-पिता हैं। किसान क्या कोई जंग करना चाहते हैं। ये पंजाब का कल्चर नहीं। हाईकोर्ट ने कहा कि किसान नेताओं को गिरफ्तार कर चेन्नई की जेल में भेजना चाहिए। किसानों को कोर्ट में खड़े होने का अधिकार नहीं है। किसान आंदोलन को लेकर 2 राज्यों की सरकारें अपना काम करने में नाकाम रहीं। हरियाणा सरकार ने हाईकोर्ट को किसानों के प्रदर्शन के कई फोटो दिखाए। हाईकोर्ट ने सवाल पूछा कि हथियारों के साथ शांतिमय प्रदर्शन कैसे हो रहा है। दर्शनपाल ने कहा कि किसान संगठनों ने कभी भी बच्चों को सामने कर हथियारों के साथ प्रदर्शन नहीं किया। हथियार और गोलियां तो पुलिस की तरफ से चलीं। किसानों ने पहले ही कहा था कि 13 फरवरी को दिल्ली जाएंगे। अगर सरकार जगह देती और वह दिल्ली के रामलीला मैदान में चली जाती तो फिर ऐसी नौबत क्यों आती। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को अपनी मांग क्यों नहीं उठाने देती। हाईकोर्ट को तो सरकार को कहना चाहिए था कि किसानों को जानें दे।



# यूपी से बिहार तक ओवैसी उतारेंगे कैंडीडेट, करेंगे 'खेला'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले नीतिश कुमार और जयंत चौधरी ने एनडीए का दामन थाम लिया है। कुछ दिन पहले तक ही दोनों नेता इंडिया अलायंस की मीटिंगों में हिस्सा ले रहे थे। इसके चलते इंडिया अलायंस थोड़ा असहज है और उसकी परेशानी बढ़ाने के लिए अब असदुद्दीन ओवैसी भी सक्रिय होते दिख रहे हैं। ओवैसी की पार्टी के सूत्रों का कहना है कि यूपी के मुरादाराबाद, रामपुर, संभल, बरेली जैसे इलाकों से उम्मीदवार उतारे जाएंगे। इसके अलावा बिहार के सीमांचल में भी ओवैसी की पार्टी फिर से कैंडीडेट उतारने वाली है। यहां पहले भी वह चुनाव में उतर चुके हैं। इंडिया अलायंस मुस्लिम वोटों पर भरोसा कर रहा है, ऐसे में ओवैसी बड़ा झटका देंगे।

# पाकिस्तान के पेशावर में गश्त लगा रहे टीटीपी आतंकी

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकियों का पाकिस्तान के पेशावर शहर में गश्त लगाते हुए देखा गया है। टीटीपी आतंकियों ने एक वीडियो जारी करके खुद दिखाया है कि वे पेशावर की सड़कों पर गश्त लगा रहे हैं। ये आतंकी आरपीजी समेत भारी हथियारों से लैस हैं और पेशावर के वाहनों की जांच कर रहे हैं। पेशावर पाकिस्तान के खैबर पख्तनूख्वा राज्य की राजधानी है। अफगानिस्तान से सटे इस इलाके पर तालिबानी अपना दावा करते हैं। तालिबान समर्थकों का कहना है कि पेशावर अफगानिस्तान का हिस्सा है और सीमा रेखा डूरंड लाइन को वो नहीं मानते हैं। पाकिस्तान टीटीपी आतंकियों से बौखलाया हुआ है।

# एनडीए को बीच मझधार छोड़ सीएम नीतिश गए लंदन

**पटना (एजेंसी)।** लोकसभा का चुनावी आगाज बहुत जल्द होने वाला है पर इस घोषणा का इंतजार किए बगैर बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार लंदन रवाना हो गए हैं। वैसे तो बताया यह जा रहा है कि नीतिश कुमार इलाज के लिए लंदन गए हैं, मगर राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि एनडीए में शामिल छोटे दल किसी निष्कर्ष तक पहुंच जाएं तब वे भाजपा के रणनीतिकारों से बात कर मसला सुलझाएंगे। एनडीए में फिलहाल भाजपा और जदयू जैसी दो बड़ी पार्टियों के अलावा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा, लोजपा (आर) और राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी शामिल है लेकिन भाजपा एक सीट वीआईपी के लिए छोड़ने पर विचार कर रही है। अभी हर पार्टी के अपने-अपने दावे हैं।



# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं ने लगाई पोस्टर की प्रदर्शनी

**बाल संसद के शिक्षक संयोजक संजय कुमार सुमन ने कहा महिला दिवस महिलाओं के लिए विशेष दिन**



**दैनिक खोज खबर, मधेपुरा।** नीति आयोग की सहयोगी संस्था पिरामल फाउंडेशन द्वारा आकांक्षी कार्यक्रम के तहत आज गुरुवार को जिले के कन्या मध्य विद्यालय चौसा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में छात्राओं द्वारा मॉडल व पोस्टर की प्रदर्शनी लगाई गई और मानव श्रृंखला के माध्यम से बच्चों ने लैंगिक समानता दिखाने का प्रयास किया। जिसका नेतृत्व बाल संसद के शिक्षक संयोजक संजय कुमार सुमन ने की ।इस प्रदर्शनी के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, महिलाओं के प्रति हिंसा रोकने, लैंगिक समानता, समानाधिकार विषयों के बारे में मॉडल, स्लोगन व पोस्टर को दिखाया गया। प्रदर्शनी में शामिल किये गए मुख्य विषय महिलाओं के अधिकार रहे, जिनका चित्रों एवं स्लोगन के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया गया। प्रधानाध्यापक विजय पासवान ने कहा कि आने वाला समय महिलाओं का है और समाज में परिवर्तन करने में बेटियाँ सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने का कार्य बेटियाँ ही करेंगी। इस अवसर पर फाउंडेशन के प्रोग्राम लीड अमरनाथ ठाकुर,गांधी फेलो सुभम प्रजापति,रोहित रॉय ने कहा कि छात्राओं द्वारा किया गया यह कार्य सराहनीय है। आगे भी इसी प्रकार की प्रदर्शनियों के माध्यम से संदेश दिया जाना चाहिये ।बाल संसद के शिक्षक संयोजक संजय कुमार सुमन ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं के लिए विशेष दिन है। ऐसे आयोजन महिलाओं को जागरूक करने में विशेष भूमिका निभाते हैं। देश को आजाद कराने व समृद्ध बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका रही है। जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया है।विद्यालय की शिक्षिका विंदु कुमारी, प्रतिभा गुप्ता, रेहाना खातून,शुभम कुमारी ने कहा कि महिला नारी शक्ति वह शक्ति है जो कि अपने साहस, परिश्रम, दूरदर्शिता व सहनशीलता से असंभव को भी संभव बनाने का दम रखती है।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक हकीम उद्दीन,अमीम आलम,विभा कुमारी, विंदुला कुमारी, पुरुषोत्तम कुमार,उमेश प्रसाद यादव,संजीवानंद, विद्यालय बाल संसद की प्रधानमंत्री काजल कुमारी, मंत्री निक्की कुमारी, नीतू कुमारी, नैना कुमारी, श्रुति शर्मा, अचला शर्मा समेत दर्जनों शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित थे।



## तरैया प्रखंड प्रमुख के चुनाव में पूर्व प्रमुख प्रिति कुमारी तीसरी बार प्रखंड प्रमुख निर्वाचित

**दैनिक खोज खबर, मढ़ौरा( सारण)।** अनुमंडल कार्यालय में हुई तरैया प्रखंड प्रमुख के चुनाव में पूर्व प्रमुख प्रिति कुमारी तीसरी बार प्रखंड प्रमुख निर्वाचित हुई। निर्वाचन प्रक्रिया में विरोधी पक्ष के बीडीसी सदस्य अनुपस्थित रहे। प्रमुख पद के लिए प्रिति कुमारी का एक मात्र नामांकन होने से निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम डा.प्रेरणा सिंह ने प्रिति सिंह के निर्विरोध जीत की घोषणा की। दिन के साढ़े ग्यारह बजे अयोजित बैठक में 12 बीडीसी सदस्य उपस्थित हुए। प्रतिक्षा के बाद भी छह सदस्य उपस्थित नही हुए। बाद में निर्वाचन की प्रक्रिया शुरु होने पर प्रति कुमारी ने एक मात्र नामांकन दर्ज कराया। अन्य नामांकन दर्ज नही होने से पूर्व प्रमुख रही प्रति कुमारी निर्विरोध प्रमुख निर्वाचित हुई। बैठक में निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम डा.प्रेरणा सिंह, प्रेक्षक के रूप में जिला से प्रतिनियुक्त उपसमहर्त्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी संजय कुमार सहित अनुमंडल के कर्मी उपस्थित थे।

एसडीएम डा.प्रेरणा सिंह ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया में कुल 18 बीडीसी सदस्य में 12 सदस्य उपस्थित हुए थे। प्रमुख पद के लिए एक मात्र नामांकन प्रिति कुमारी ने किया था। एक मात्र नामांकन होने पर प्रिति कुमारी को निर्विरोध निर्वाचित करते हुए उन्हे प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। उपस्थित बीडीसी सदस्यों में विश्वकर्मा शर्मा, रणजीत प्रसाद, प्रिति कुमारी, जीरा देवी, रजिया खातून, सुनिता कुमारी, उषा देवी, काजल सिंह, साक्षी सुमन, पुनम देवी, अनिता कुमारी, चंदा सिंह का नाम शामिल था। जबकि अनुपस्थित बीडीसी सदस्यों में विजय पासवान, माधुरी सिंह, अनुपमा सिंह, प्रमिला देवी, अरूण कुमार सिंह, अनु कुमारी का नाम शामिल था।

**समर्थकों में रहा खुशी का माहौल :** प्रिति कुमारी के निर्वाचन की घोषणा के बाद भारी संख्या में उपस्थित उनके समर्थकों में खुशी की लहर फैल गई और सभी ने एक दुसरे को बधाई दी। निर्वाचन के बाद अपने समर्थक बीडीसी सदस्यों के साथ बाहर निकली प्रमुख प्रिति कुमारी ने अपनी जीत को सहयोगी बीडीसी सदस्य और पूरे तरैया की जीत बताया है। प्रमुख प्रिति कुमारी और प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह बिक्कू ने पूर्व मंत्री व मढ़ौरा विधायक मंत्री जितेन्द्र कुमार राय, जिला के वरीय नेता शैलेन्द्र प्रताप सिंह, इसुआपुर प्रखंड प्रमुख मितेन्द्र राय, जिप सदस्य छविलाल सिंह, मुखिया प्रतिनिधि ईंदिलीप सिंह, वीर बहादुर राय, अनिल राय, पिंटू सिंह, तारकेश्वर राय, किशोर कुमार बबुआ, रणविजय सिंह सहित तरैया के सभी सहयोगी मित्रों व समर्थकों का आभार जताया है।

## वित्त मंत्री के हाथों चंद्रयान का मॉडल पाकर छात्राओं का खिले चेहरे



**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा परिसर में विगत मंगलवार को आयोजित क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बेहतर विद्यालय प्रबंधन के लिए परसा प्रखंड अंतर्गत परसौना पंचायत स्थित जेडी प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्तरीय विद्यालय की छात्राओं को चंद्रयान 3 का मॉडल भेंट कर सम्मानित किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय मूल पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह,सारण के सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी एवम महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल की मौजूदगी में विद्यालय की नवम वर्ग की छात्रा मनी कुमारी एवम निशा कुमारी को चंद्रयान 3 का मॉडल भेंट की। केंद्रीय वित्त मंत्री के हाथों चंद्रयान 3 का मॉडल पाकर दोनों छात्राओं के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। इस संबंध में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉअशोक कुमार आलोक ने बताया कि सारण जिला के शिक्षा विभाग की ओर से इस कार्यक्रम के लिए विद्यालय का नाम प्रस्तावित किया गया था। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री के हाथों मेरे विद्यालय की दो छात्राओं को चंद्रयान 3 का मॉडल प्रदान किया गया।ये विद्यालय के सभी शिक्षक एवम शिक्षिकाओं के लिए साथ साथ छात्राओं के लिए भी गर्व की बात है इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षक डॉअवधेश कुमार लाल कर्ण,अरुण कुमार झा,पुलिस कुमार,गोविंद वल्लभ,प्रदीप कुमार सिंह,राकेश कुमार,उपेंद्र कुमार सिंह,जमशेद आलम, डॉअभय कुमार तिवारी,अजय कुमार,दीप कुमार पाल,संतोष कुमार,चंदन ठाकुर,बक्शी विकास,विकास कुमार शिक्षिका स्मिता सिंह,कविता कुमारी, पल्लवी कुमारी,विभू कुमारी,निशा कुमारी, सृष्टि कुमारी एवम लिपिक इंदू कुमारी खुशी जाहिर की है।




## महिला दिवस पर एडवा ने निकाली जागरूकता रैली

दैनिक खोज खबर, परसा( सारण )।महिला दिवस के अवसर पर प्रखंड के पट्टी मुजौना गांव स्थित मुसहर टोली में अंचल कमिटी एडवा कार्यकर्ताओ द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई।एडवा जिला सचिव गायत्री देवी के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने नगर परिभ्रमण कर महिलाओं की आत्म सुरक्षा को दलित,शोषित,पीड़ित महिलाओं को जागरूक किया।इस दौरान जिला सचिव गायत्री देवी, सुभाष मांझी,गौतम प्रेमी,जगमनी देवी,कृति कुमारी,जूनिया देवी,राजंती देवी,गीता देवी,मालती देवी सहित दर्जनों महिलाओं ने संविधान बचाओ,महिलाओं की सम्मान बचाओ के नारे लगाए।साथ ही सरकार से भूमिहीनों को जमीन देने की भी बाते कही।



## विधायक कोष से निर्मित ग्राम देवरिया पंचायत की नवनिर्मित सड़क का छपरा विधायक ने किया उद्धघाटन

दैनिक खोज खबर, छपरा। दिखावा नहीं सिर्फ क्षेत्र का सतत विकास ही मेरी प्राथमिकता रही है। उक्त बाते छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने कही, मौका था नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विधायक कोष से निर्मित रिविलगंज पंचायत देवरिया ग्राम में प्रभुनाथ सिंह उच्च विद्यालय से अजय सिंह के घर तक पीसीसी सड़क कार्य के उद्घाटन का.इस दौरान विधायक ने कहा की आश्वाशन नहीं काम करने पर मेरा पूर्ण विश्वास रहता हैछपरा में विकास की नयी उपलब्धि हासिल की जा रही हैसड़क,स्वास्थ्य, शिक्षा,मनोरंजन आधारभूत संरचना के क्षेत्र में छपरा विधानसभा को स्तर पर विकास के मानचित्र पर स्थापित करना मेरी पहली प्राथमिकता है।इस दौरान गामा सिंह,राजभूषण सिंह, महेश पंडित,जिला पार्षद गुड्डू साह, राजदेव यादव,विद्यासागर विधार्थी अनुरंजन कुमार,हेमंत सिंह पूर्व मुखिया झगरू राय एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए.

## पांच सौ बीस लीटर देशी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर, परसा(सारण)।** परसा पुलिस ने बालिगाव गंडक नदी से अवैध दारू धंधा में नाव पर नाविकों की संलिप्तता की सूचना पर छापेमारी कर नाव को जप्त किया है।वही उस जप्त की गई नाव से पांच सौ बीस लीटर दारू के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बालिगाव उस पार से नाव से दारू को लाया जा रहा है।पहल करते हुए पुलिस ने बालिगाव गंडक नदी पहुंची नाव से छापेमारी शुरू की। पुलिस को देखते ही धंधेबाज नाव लेकर उस पार की तरफ भाग निकले।थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि इस करवाई में पांच सौ बीस लीटर दारू के साथ पांच नाव को जप्त की गई है।जबकि इस मामले में एक धंधेबाज बालिगाव निवासी सहनी को गिरफ्तार किया गया है।

## यदुवंशी राय मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा मेगा स्वास्थ्य शिविर में आधुनिक मशीन द्वारा होगी जांच

**दैनिक खोज खबर, छपरा।** शहर के म्युनिस्पिल चौक स्थित यदुवंशी राय मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा 10 मार्च को मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर का उद्घाटन बिहार सरकार के पूर्व प्रथम खेल मंत्री करेंगे। जिसमें आधुनिक मशीनों द्वारा जांच कर मुफ्त में दवा उपलब्ध कराया जाएगा.इस बात की जनकारी देते हुए यदुवंशी राय हॉस्पिटल के वरिय चिकित्सक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ हिमांशु कुमार ने बताया कि यह शिविर स्पेशल होगा। शिविर में आधुनिक मशीनों द्वारा जांच किया जाएगा। जिस जांच का मार्केट में एक व्यक्ति का 18000 हजार रुपया किमत है जो विल्कुल मुफ्त में किया जाएगा।उन्होंने कहा की इस जांच शिविर में हर रोग से सम्बंधित चिकित्सक मौजूद रहेंगे.मेरे आलावा किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ राजा राम यादव, लिवर एवं पेट रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल यादव, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव यादव, पटना आईजीआईसी के एमबीबिएस एमडी मेडिसिन डॉ सुधीर यादव, जेनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन डॉ स्वेता सिखा, एमबीबिएस एम डी एनेस्थीसिया डॉ मनिन्द्र किशोर यादव, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक कुमार मौजूद रहेंगे।क्ष जांच में फाइब्रोस्कैन, लिवर जांच, ( न्यूरोपैथी ) शुगर के मरीज का नस जांच,( बीएमडी ) हड्डियों का मशीन द्वारा जांच, ( टिएसएच ) थाइरायड की जांच, ( एंटी प्रो बीएनपी ) हृदय की जांच ( ईसीजी )हृदय की जांच ( ट्रोप टी )हृदय की जांच, ( लिपिड प्रोफाइल )कॉलेस्ट्राल की जांच ( पीएफटी ) फेफड़ा जांच ( एलएफटी ) लिवर की जांच ( एचबीए1सी ) शुगर का सबसे विश्वसनीय जांच( क्रिएटिनिन सीरम ) किडनी की जांच, जैसी जांच कर निःशुल्क चिकित्साकीय परामर्श देकर मुफ्त दवा उपलब्ध करया जायेगा।शिविर में रजिस्ट्रेशन के लिए इस नंबर 8709344025, 7903800902 पर संपर्क कर करा सकते है। यदुवंशी राय मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा समय समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर होता रहता है जिसमें गरीब असहाय जरूरतमंद लोगों का इलाज होते रहे। जिसके मुख्य उदेश्य है लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और पीना पैसे वाले लोग को इलाज से वंचित ना रहना पड़े।

## बोल बमक़े जयकारों से गूज उठा राधे कृष्ण हनुमत महादेव मंदिर

**दैनिक खोज खबर, डोरीगंज(सारण)।** राधे कृष्ण हनुमत महादेव मंदिर ( मुकुंद टोला डुमरी ) के प्रांगण से भव्य झांकी निकाली गई। प्राण प्रतिष्ठा के चौथे साल महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर 24 घाटा का अखण्ड शुरु किया गया। और त्रिदिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। झांकी मंदिर परिसर से शुरू होकर हाई स्कूल डुमरी होते हुए एनएच 19 होते हुए सिंगही चौक पहुंचा ठीक उसके बाद त्रिवेणी ( गंगा सरयू सोन ) के मिलन स्थल सिंगही घाट पर पहुंचे और वैदिक मंत्रोउच्चार के साथ पूजा पाठ किया गया उसके बाद 24 घंटा का अखंड अष्टयाम शुरू किया गया।जलभरी मे मुख्य रूप से, आयोजन समिति के अध्यक्ष सह सारण जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष, राजेन्द्र प्रसाद राय, देवेन्द्र प्रसाद यादव, हेमन्त राय, नमुना राय, ई. राजेश कुमार, अभय कुमार 'मुनचुन' राजा कुमार, दिपक कुमार, सतेन्द्र कुमार यादव, विकास सत्यम, सुशील कुमार यादव, अजय कुमार यादव, कमलेश कुमार, विक्की कुमार, प?कज कुमार, पप्पू राय, और काफी संख्या मे गांव समाज के लोग मौजूद थे।

**स्वर्ण व्यवसायी को अपराधियों ने चाकू मार लूटा अपाची बाइक व सोना की सिकड़ी: दैनिक खोज खबर, परसा(सारण)।** परसा भेलदी मुख्य मार्ग पर परसा मथुरा के समीप एक स्वर्ण व्यवसाई को अपराधियों ने चाकु मार जख्मी कर अपाची बाइक व सोने की सिकड़ी लूटने का मामला प्रकाश में आया है।बुधवार साढ़े आठ बजे रात्रि की है।जख्मी सैदपुर परसा निवासी कुशवाहा ज्वेलर्स के प्रोपराइटर शमरेंद्र कुमार बताए गए है।मिली जानकारी के अनुसार समरेंद्र एपाची बाइक से शोभे परसा गाव में नेवता करने जा रहे थे तभी शोभेंपरसा मुख्य सड़क पर पहले घात लगा बैठे अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने गाड़ी रोक पहले चाकू से वार कर जख्मी करते हुए सोने की सिकड़ी व अपाची बाइक लूट लिया।



## जिला भूअर्जन पदाधिकारियों के साथ भूस्वामियों की बैठक बेनतीजा

**दैनिक खोज खबर, दिघवारा।** शेरपुर दिघवारा सिक्सलेन पुल निर्माण में मुआवजे के मांग को लेकर आंदोलनरत भूस्वामियों की गुरुवार को जिला भूअर्जन पदाधिकारियों के साथ बैठक बेनतीजा रहा।बताते चले कि ग्रेटर पटना रिंग रोड का महत्वपूर्ण हिस्सा व बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना शेरपुर दिघवारा सिक्सलेन पुल के निर्माण में अधिग्रहण होने वाले दिघवारा नगर पंचायत के मीरपुर भुआल एवं सैदपुर दिघवारा के सड़क किनारे की जमीन को कृषि भूमि बताकर गजट प्रकाशन एवं नोटिस निर्गत करने के बाद से ही स्थानीय रैयतों में रोष व्याप्त है। स्थानीय भूस्वामियों की माने तो जिला निबंधन दर तालिका के अनुसार उनकी जमीन आवसीय मुख्य सड़क की श्रेणी में है। और इसी तालिका के अनुसार उनसे निबंधन शुल्क भी वर्षो से सरकार लेती रही है। ऐसे में जमीन अधिग्रहण के समय उपरोक्त जमीनों को आवासीय के बजाय कृषि भूमि बताना भूस्वामियों के साथ अन्याय है।इस संबंध में एक ओर जहाँ रैयतों द्वारा सारण कमिश्नर के यहाँ आर्बिट्रेशन याचिका दायर किया गया था वहीं स्थानीय निकाय के विधानपार्षद सच्चिदानंद राय ने भी सदन में इस मामले को गंभीरता से उठाया था। जिस पर त्वरित करवाई हेतु उच्च स्तरीय कमिटी गठन की बात उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने बताई थी। वही सारण कमिश्नर ने जिला भूअर्जन कार्यालय को स्थानीय भूस्वामियों से मिलकर उनका पक्ष जानने एवं मामले के निष्पादन का निर्देश दिया थाजिसके बाद गुरुवार को भूअर्जन कार्यालय से पधारे कानूनगो पदाधिकारी मोहम्मद फिरोज इकबाल सहित एस पी सिंगला के वरीय पदाधिकारी संतोष कुमार ने स्थानीय भूस्वामियों के साथ बैठक करके उनका पक्ष जानने का प्रकाश किया। जिस पर रैयतों ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि आवासीय मुख्य सड़क श्रेणी की जमीन को कृषि भूमि बताने से हम सबों का काफी एतराज है। स्थानीय भूस्वामी अनुज प्रतीक के कार्यालय परिसर में आयोजित इस बैठक में रैयतों के प्रतिनिधि के तौर पर, उदय सिंह, कृष्णा सिंह, पंकज कुमार, मुन्ना साह, संतोष राय, हरेश सिंह, जयराम साह, अखिलेश साह, संजय साह, रविन्द्र कुमार, सुरेश कुमार, अजय कुमार, जयनारायण प्रसाद सहित सैकड़ों भूस्वामियों ने अपना पक्ष रखा।

# रेस्टोरेंट क्रिकेट लीग आरसीएल में 10 टीमों का दिखा जलवा, फाइनल मैच में सांसद रुडी मुख्य अतिथि

- **दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हुआ फाइनल मैच**
- **रेस्टोरेंट, हॉस्पीटलीटी और पर्यटन क्षेत्र की टीमें हुई शामिल**
- **वर्ष 2025 से लीग का आयोजन राष्ट्रव्यापी होगा**
- **अगले सीजन में 40 से अधिक टीमें होंगी शामिल**
- **सांसद रुडी ने कहा, फिट इंडिया मूवमेंट के तहत देश में खेलों का आयोजन बढ़ा**
- **लीग से हमारे देश के पारंपरिक व्यंजनों और कला और संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा**
- **फाईनल में रोमांचक मैच में बार्डोस ने इव्वा को हराया**

नई दिल्ली। खेल भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। खेलों से समाज में सामाजिक सौहार्द की भावना पैदा होती है। खेल को जब से फिट इंडिया मूवमेंट के तहत शामिल किया गया है तब से विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिता का देश भर के कोने-कोने में आयोजन बढ़ गया है। खेल भावना के साथ दस दिनों की कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद आरसीएल के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव प्रताप रुडी ने उक्त बाते कही। विदित हो कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 27 फरवरी से 7 मार्च 2024 तक रेस्टोरेंट क्रिकेट लीग का आयोजन हुआ था। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के रेस्टोरेंट, हॉस्पीटलीटी और पर्यटन क्षेत्र की इव्वा, बाडीस, ओपिया, डब्ल्यूवाईएलडी, आर्टिकल 21, प्रीम्बल, ओएमजी, ड्रॉपलेट, सीसीआई और कई अन्य प्रमुख टीमों कड़ी प्रतिस्पर्धा में अपना जलवा बिखेरा। फाईनल में पहुंची बार्डोस और इव्वा की टीमों में हुए रोमांचक मैच में बार्डोस ने खिताब जीता।

कार्यक्रम के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री व फिट इंडिया मूवमेंट को देश भर में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले श्री रूडी ने लीग के उदेश्यों की प्रशंसा करते हुए आशा व्यक्त किया कि आगामी वर्ष में लीग का आयोजन राष्ट्रव्यापी होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि देश के युवा फिट रहे, तंदरुस्त रहे ताकि वे देश की प्रगति में, परिवार के उत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। खेल स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। खेल हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने, और जीतने की क्षमता प्रदान करता है। 2023 और 2024 में आरसीएल की शानदार सफलता के आधार पर, रेस्तरां क्रिकेट लीग के गवर्निंग काउंसिल के सदस्यों और आयोजकों अरविंद कुमार और अभिषेक भटनागर ने 2025 संस्करण के लिए इसके राष्ट्रव्यापी विस्तार की घोषणा की। आगामी लीग का आयोजन अखिल भारतीय पैमाने पर किया जाएगा, जिसमें होटल, रेस्तरां, सुपर मार्केट और पर्यटन सेवा प्रदाताओं के सदस्यों सहित आतिथ्य और पर्यटन उद्योगों के असंख्य हितधारकों की भागीदारी को आमंत्रित किया जाएगा। आरसीएल 2025 का लक्ष्य देश के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न शहरों से 40 से अधिक टीमों को एक साथ लाना है। यह लीग हमारे देश के पारंपरिक व्यंजनों के साथ-साथ क्षेत्रीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।



प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और 2047 तक एक विकसित देश के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत को एक महान खेल राष्ट्र को रूप में स्थापित करने में अपनी सहभागिता निभायेगा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समर्थित प्रमुख पहलों को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित होगी, जिसमें खेलो इंडिया कार्यक्रम, फिट इंडिया मूवमेंट, प्रधान मंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना, पोषण अभियान कार्यक्रम, इंडिया मूवमेंट शामिल हैं।

# 1226 करोड़ की लागत से आमी मंदिर का होगा कायाकल्प

## प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कार्य का किया शुभारंभ



दैनिक खोज खबर, दिघवारा(सारण)। भारत सरकार के पर्यटन विभाग के तीर्थ यात्रा कायाकल्प एवं आध्यात्मिक संवर्धन अभियान प्रसाद एवं स्वदेश दर्शन योजना के तहत मां अंबिका भवानी मंदिर आमी के विकास के लिए 1226 करोड़ की लागत से शुरू होने वाली योजना का शिलान्यास गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन तरीके से किया। कार्यक्रम का ऑनलाइन शिलान्यास होते ही मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मां अंबिका की जय का जयकारा लगाया।उधर पीएम मोदी ने योजना के उद्देश्य एवं तीर्थ पर्यटक स्थलों के विकास पर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना एवं भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के नारों से सबों का हौसला बढ़ाया।इससे पूर्व मंदिर के पिछले हिस्से में आयोजित कार्यक्रम में आगत अतिथियों का स्वागत मंदिर न्यास समिति के सचिव प्रतिनिधि रितेश तिवारी एवं बिहार सरकार के पर्यटन विभाग के महाप्रबंधक अभिजीत कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर किया।अपने संबोधन में विधानसभा में सत्ताधारी दल के उपसचेतक एवं तरैया विधायक जनक सिंह ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में देश का सम्मान बढ़ा है एवं अध्यात्म के प्रति लोगों के लगाव में काफी वृद्धि हुई है।आज मोदी जी की प्रतिभा का लोहा पूरा विश्व मान रहा है।उन्होंने मंदिर के विकास के लिए अपना हरसंभव सहयोग का भरोसा जताया।प्रदेश भाजपा अनुशासन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह ने कहा कि आमी मंदिर का पौराणिक इतिहास है एवं केंद्र तथा राज्य सरकार इस मंदिर के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है।आने वाले समय में मंदिर का योजनाबद्ध तरीके से विकास होगा जिससे न केवल मंदिर की सुंदरता बढ़ेगी बल्कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं में भी इजाफा होगा।उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर के विकास का काम पूरा होने के बाद इसका स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा।अपने संबोधन में श्री सिंह ने आमी मंदिर के पहले फेज की राशि की स्वीकृति दिलवाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी व सांसद राजीव प्रताप रूडी के प्रति आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि यह मंदिर शक्ति सर्किट से जुड़ा है जिससे काफी फायदा मिल रहा है।अमनौर विधायक कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ एवं देश का धार्मिक आध्यात्मिक और नैतिक उत्थान हो रहा है।देश का गौरव बढ़ा है।आजादी के बाद मोदी देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री बनकर उभरे हैं।मोदी जी को जनता का व जनता को मोदी जी पसंद हैं।कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह, पर्यटन मंत्रालय के निदेशक नीरज शरण,बिहार सरकार के पर्यटन विभाग के महाप्रबंधक अभिजीत कुमार,पूर्व प्रखंड प्रमुख जनार्दन सिंह चौहान,आमी मुखिया रंजू देवी व प्रकाश कुमार आदि कई लोगों ने संबोधित किया।इस अवसर पर अजीत लाल, सोनपुर एसडीएम निशांत विवेक, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि दिलीप सिंह, उमाशंकर सिंह, दीपक गुप्ता, मोहन शंकर प्रसाद,विपिन सिंह, नरेंद्र सिंह पुटून, पूर्व मुखिया राकेश कुमार सिंह,मनोज सिंह,ओम प्रकाश सिंह,अश्विनी पांडेय, मुखिया भोला मांझी, चंदन सिंह, गब्बर सिंह,प्रद्योत मिश्रा,राजीव कुमार सिंह,रामकुमार सिंह,चंदन गुप्ता,भोला कुशवाहा, जयशंकर बैठा,मुनिलाल समेत मंदिर के सभी पुजारी व सैकड़ों प्रबुद्ध लोग मौजूद थे।

## प्रस्तावित अटल घाट का महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने कराया कार्यारम्भ

**माँझी(सारण)।** माँझी के प्रसिद्ध रामघाट पर नमामि गंगे परियोजना के तहत 12 करोड़ की लागत से प्रस्तावित अटल घाट का महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने विधिवत कार्यारम्भ किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद ने कहा कि 36 मीटर लम्बा तथा 16 मीटर चौड़ा माँझी का अटल घाट सारण के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि अगले चरण में इस घाट को और पुरब की तरफ जयप्रभा सेतु के समीप तक विस्तारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राम घाट पर हाई मास्क लाइट से सुसज्जित अटल स्मृति भवन,पुलिस चौकी,शौचालय,चेंजिग रूम फुटपाथ तथा पार्क व सड़क के अलावा माँझी चट्टी के समीप प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि घाट पर रैम्प भी लगाया जाएगा ताकि बृद्ध व बीमार श्रद्धालुओं को घाट तक पहुँचने में असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार हर क्षेत्र में विकास की गारंटी है। उन्होंने कहा कि माँझी के रामघाट को राष्ट्रीय जलमार्ग प्राधिकरण संख्या 40 से जोड़ दिया गया है। आने वाले दिनों में यह घाट सारण के विकास का मानक बनेगा। समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं की शिकायत पर उन्होंने वाराणसी के डीआरएम को फोन कर कहा कि नमामि गंगे परियोजना स्थल पर ब्यवधान उतपन्न कर तोड़फोड़ करने वाले बलिया रेलवे के आईओडब्ल्यू पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाय।।समारोह में संत रामप्रिय दास व संत रामसेवक दास के अलावा भाजपा नेता हेम नारायण सिंह,धर्मेन्द्र सिंह समाज,प्रमोद सीग्रीवाल,रमाशंकर मिश्र शांडिल्य,अमरजीत सिंह,मकेश्वर सिंह,मनोज पाण्डेय,प्रो रघुनाथ ओझा,रंजन शर्मा,मुकेश सिंह,प्रशांत ओझा,निशांत सिंह,तथा अंकित कुमार सिंह सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता आदि मौजूद थे। समारोह का संचालन बबलू शर्मा ने किया।

## बनियापुर के राम जानकी मंदिर से अष्टधातु की चोरी की गयी चार मूर्तियों को पुलिस ने किया बरामद



**दैनिक खोज खबर, बनियापुर(सारण)।** बनियापुर के राम जानकी मंदिर से अष्टधातु की चोरी गयी चार मूर्तियों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। सारण एसपी डॉ.गौरव मंगला ने गुरुवार को बनियापुर थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर मूर्ति बरामदगी तथा मूर्ति चोरी मामले की उद्भेदन की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि मूर्तियों को विभिन्न ठिकानों से बरामद किया गया है। जानकारी हो कि बीते 13 फरवरी को राम जानकी मंदिर की गर्भ गृह में स्थापित भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण लला तथा भगवान श्रीकृष्ण की अष्टधातु की मूर्ति लगी थी। तीन मूर्तियां लगभग डेढ़ फूट की तथा भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति छह इंच की थी। इन मूर्तियों की कीमत लगभग दो करोड़ रुपये आंकी जा रही थी। मूर्तियां लगभग सौ साल पुरानी थी। मूर्तियों को चोरों ने मंदिर की निकट रखे बालू की ढेर को आधार बनाकर मंदिर में प्रवेश कर गए थे। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही पुलिस मूर्ति की बरामदगी के लिए छापेमारी में जूटी थी। इधर, स्थानीय ग्रामीण मूर्ति बरामदगी के लिए लगातार पुलिस पर दबाव बना रहे थे। मामले में पुलिस ने आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सहाजितपुर थानाक्षेत्र के चकपीड़ निवासी चन्दन ओझा, मौजेगोवा के मोनू कुमार, उत्तरप्रदेश के लखनऊ के अमित कुमार, मो.फरहान खान, सिवान जिले के महराजगंज थाने के बिजेंद्र कुमार, राजीव रंजन पांडेय, मुंबई के ठाणे के संदीप साके तथा जलालपुर थानाक्षेत्र के नदीपर बंगरा निवासी रवीश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अपराधियों के पास से मूर्तियों के आलावें एक देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस, 12 मोबाइल, एक चार पहिया वाहन तथा पांच पर्स बरामद किया गया है।



## अखण्ड अष्टयाम को ले निकाली गई भब्य कलश यात्रा

**दैनिक खोज खबर, भेल्दी(सारण)।** अमनौर प्रखण्ड के मां खरहुलिया मंदिर संदलपुर में 24 घंटे के अखण्ड अष्टयाम को लेकर भब्य कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर हकमा मानपुर,गोसी छपरा संदलपुर होते हुए अरना कोठी नदी घाट पर पहुंची जहां आचार्य उमेश उमेश शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पवित्र गंगाजल कलश में भरी गई।हाथी घोड़े बैंड बाजे के साथ निकाली गई भब्य कलश यात्रा में सैकड़ों नर-नारियों ने भाग लिया।यात्रा में मनोरम झांकी भी आकर्षण का केन्द्र था।जय श्रीराम जय हनुमान के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।मां खरहुलिया मंदिर पर हरे राम हरे राम,राम-राम हरे हरे के संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।कलश यात्रा में अमनौर विधान सभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी नेत्री पूनम राय,रामप्रवेश राय,राधेश्याम राय उर्फ अनिल मस्ताना,मुख्तार राय,शिवनाथ राय आदि शामिल थे।

## अनियंत्रित वाहन ने बाइक सवार को रौंदा,छात्र की मौत, दूसरा जख्मी

**भेल्दी(सारण)।** छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर कटसा देवी स्थान के समीप एक अनियंत्रित वाहन ने एक बाइक सवार को रौंद दिया जिससे एक की मौत इलाज के दौरान हो गई जबकि गंभीर रूप से जख्मी दूसरे का इलाज पीएमसीएच में चल रहा है।मृतक रामजीवन कुमार शर्मा उर्फ गोलू( 18 ) भेल्दी थाने के जाफरपुर गांव के बबन शर्मा का पुत्र बताया जाता है।वहीं उसी गांव के घायल संजीव कुमार अरूण सिंह का पुत्र बताया जाता है।

मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाना क्षेत्र के जाफरपुर गांव के मैट्रिक का छात्र रामजीवन कुमार शर्मा उर्फ गोलू बुधवार की रात अपने गांव के ही संजीव कुमार के साथ बाइक से तरैया एक शादी समारोह में जा रहा था।दोनों जैसे ही बाइक लेकर एनएच 722 पर कटसा देवी स्थान के समीप पहुंचा कि गड़खा की ओर से तीब्र गति से आ रही एक वाहन से पीछे से रौंद दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।परिजन दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा लाएं जहां इलाज के दौरान रामजीवन ने दम तोड़ दिया वहीं संजीव का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने पीएमसीएच रेफर कर दिया।

**मृतक के परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल:** छात्र रामजीवन उर्फ गोलू की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।पुत्र की मौत के बाद पिता बेसूध पड़े हुए हैं वहीं मां दहाड़ मारकर रो रही थी।वहीं भाई जितेंद्र कुमार शर्मा व आदित्य शर्मा के आंखों से आंसू सूखने का नाम नहीं ले रहा था।

## महाशिवरात्रि पूजा को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

सोनपुर। सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत हरिहरनाथ थाना व नयागांव थाना में महाशिवरात्रि पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। नयागांव थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा व हरिहरनाथ ओपी अपर थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई।इस बैठक में थाना क्षेत्र के गणमान्य लोग,जनप्रतिनिधियों ,समाजसेवी मौजूद रहे । बैठक में उपस्थित लोगों को कहा गया कि शांतिपूर्ण ढंग से शिवरात्रि पूजा मनाने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों से थानाध्यक्ष ने अपील करते हुए कहा कि यह पर्व अमनचैन के साथ भाईचारे को कायम रखने को कहा गया । उन्होंने कहा कि कोर्ट द्वारा डीजे बजाने पर विशेष रूप से प्रतिबंध लगाया है। महाशिवरात्रि के दिन अश्लील गीत ,डीजे बजाने ,हथियार प्रदर्शन ,हथियार लेकर चलना पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। किसी तरह के घटना ना हो इसके लेकर शिव बारात में पुलिस प्रशासन हर गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए है । शिवरात्री पर्व को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन हर जगहों पर रहेगी साथ ही शिव बारात में भी शामिल होंगे जो सादे लिवास व बर्दी में रहेंगे ।

## महाशिवरात्रि को लेकर मठ-मंदिरों व शिवालियों में 24 घंटे का अखंड अष्टयाम प्रारंभ

### अखण्ड अष्टयाम को लेकर निकाली गई भव्य कलशयात्रा

**तरैया (सारण)।** प्रखंड के विभिन्न मठ-मंदिरों व शिवालियों में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 24 घंटे का अखण्ड अष्टयाम का आयोजन किया गया। अखण्ड अष्टयाम को लेकर गुरुवार को विभिन्न गांवों से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। प्रखंड के तरैया बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी शिव मंदिर, शाहनेवाजपुर गांव स्थित ब्रिटिश कालीन शिव मंदिर, नारायणपुर स्थित शिव मंदिर, उसरी, पोखरेड़ा, पचरौड़, नेवारी, भटौरा, नंदनपुर, डेवढ़ी, समेत अन्य गांवों के मठ-मंदिरों व शिवालयों में 24 घंटे का अखण्ड अष्टयाम का आयोजन किया गया है। तरैया बाजार स्थित ठाकुरबारी शिव मंदिर एवं शाहनेवाजपुर गांव स्थित ब्रिटिश कालीन शिव मंदिर पर आयोजित अखण्ड अष्टयाम को लेकर गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा विभिन्न गांव का परिभ्रमण कर तरैया-मढ़ौरा एसएच-73 होते हुए टँगरिया बाबा के बगीचे में पहुची, जहां आचार्य मनपूजन तिवारी एवं सुकेश तिवारी व अन्य आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जलभरी की गई। जिसके बाद पुनः कलश यात्रा यज्ञस्थल पहुंची जहां विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के बाद राम-नाम संकीर्तन प्रारंभ हुआ। विभिन्न गांवों के मठ-मंदिरों व शिवालयों में हो रहे अखण्ड अष्टयाम को लेकर पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। कलश यात्रा में आनंद मोहन सिंह उर्फ गार्ड साहब, जितेंद्र कुमार सिंह, कल्याण कुमार सिंह, काशीनाथ सिंह, मोहर लाल सिंह, उमेश साह, विजय कुमार, सुनील कुमार शर्मा, अनिल कुमार साह, सुनील कुमार साह, रामजी सिंह कुशवाह, ललन साह, कुंदन चौधरी, मोहन कुमार, मोहित कुमार समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

## मशरक के डुमरसन पोखरा और चरिहारा में दो दिवसीय अखंड अष्टयाम भव्य कलशयात्रा से शुभारम्भ

मशरक ( सारण ) । मशरक के डुमरसन पोखरा अवस्थित शिव मंदिर परिसर में और चरिहारा गांव अवस्थित राम जानकी शिव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि को लेकर दो दिवसीय अखंड अष्टयाम महायज्ञ भव्य कलशयात्रा से शुरू की गयी । डुमरसन में कलशयात्रा मंदिर परिसर से आचार्य सुबोध बाबा, राजीव बाबा की मौजूदगी में यजमान राधा किशुन साह और धर्मपत्नी मनीषा देवी की मौजूदगी में निकाली गई जो डुमरसन बाजार, राजापट्टी, लखनपुर गोलम्बर होते हुए डुमरसन नहर पर पहुंची जहां विधिवत मंत्रोच्चार से कलश में जल बोझी कराई गई। मौके पर डुमरसन मुखिया बच्चा लाल साह, कर्ण कुदरिया उप मुखिया रोहित गुप्ता, बिन्दा लाल भगत, शत्रुध्न प्रसाद, श्री राम भगत, मंतोष सिंघानिया समेत अन्य मौजूद रहें । कार्यक्रम का आयोजन शिव शक्ति पूजा समिति के तरफ से आयोजित किया गया था । मौके पर मुखिया बच्चा लाल साह ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर परिसर में दो दिवसीय अखंड अष्टयाम का शुभारंभ कलशयात्रा से की गयी हैं वहीं महायज्ञ का समापन महाशिवरात्रि के दिन होगा । वहीं चरिहारा गांव में राम-जानकी शिव मंदिर के परिसर में दो दिवसीय अखंड अष्टयाम को भव्य कलशयात्रा निकाली गई।

# 11 बजे से बाबा हरिहरनाथ मंदिर से निकलेगी भव्य शिव बारात की झांकी

### बाबा हरिहरनाथ मंदिर सहित अन्य शिवालयों में हल्दी रस्म के साथ शुरू हुआ भगवान शिव-पार्वती विवाह महोत्सव

**सोनपुर ।** देवाधिदेव महादेव और माता पार्वती के विवाह दिवस यानि महाशिवरात्रि के पूर्व संध्या पर गुरुवार को सोनपुर के प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर सहित अन्य शिवालयों में शिव पार्वती विवाह की रस्में शुरू हो गई है। महाशिवरात्रि के पूर्व गुरुवार के शाम मंदिर के मुख्य अर्चक आचार्य सुशील चन्द्र शास्त्री के नेतृत्व में बाबा हरिहरनाथ का हल्दी- कलश की सभी रस्में विधि विधान के साथ पूरी की गई। श्रद्धालु महिलाओं ने मंगल गीत गाए। इस मौके पर भगवान सत्यनारायण पूजा का भी आयोजन भी किया गया एवं सामाजिक सरोकारों के साथ भोज का आयोजन हुए जिसमें भक्तों ने महाप्रसाद भी ग्रहण किया। मंदिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह लल्ला और कोषाध्यक्ष निर्भय कुमार ने बताया कि मंदिर के मुख्य अर्चक आचार्य सुशील चन्द्र शास्त्री के नेतृत्व शुक्रवार की रात्रि में विधि विधान के साथ धूमधाम से माता पार्वती के साथ भगवान शिव का शुभ विवाह संपन्न होगा। दूसरी ओर महाशिवरात्रि के मौके पर आज सोनपुर के प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर, भरपुरा शिव मंदिर ,पहलेजाघाट शिवमंदिर सहित प्रखंड क्षेत्र के अन्य शिवालयों जो हर साल शिवालयों से हाथी-घोड़े और गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से निकलने वाली भगवान शिव की बारात एवं देवी देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियों की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं महाशिवरात्रि के मौके पर जलाभिषेक करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर न्यास समिति की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए है। विजय कुमार सिंह लल्ला ने बताया कि महाशिवरात्रि के मौके पर रात डेढ़ के बाद डेढ़ बजे बाबा हरिहरनाथ को स्नान कराया जाएगा। इसके बाद मंदिर के मुख्य अर्चक सुशील चन्द्र शास्त्री ,पवन शास्त्री ,बमबम बाबा अन्य आचार्यों के साथ भगवान का रूद्राभिषेक करेंगे। दो बजे के बाद बाबा हरिहरनाथ पर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का पट खोल दिया जाएगा। दूसरी ओर गुरुवार को मंदिर के मुख्य अर्चक आचार्य सुशील चन्द्र शास्त्री के नेतृत्व में बाबा हरिहरनाथ का हल्दी- कलश और विवाह के पूर्व की सभी आवश्यक रस्में विधि-विधान के साथ पूरी की गई। श्रद्धालु महिलाओं ने मंगल गीत गाए। सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन भी किया गया। विवाह संपन्न होने के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण होगा। दूसरी ओर शोभायात्रा के आयोजन समिति के संयोजक राजीव मुनमुन व समाजसेवी मुकेश सिंह ,लालबाबू पटेल,जयंत सिंह ने बताया कि इस बार शोभायात्रा में बड़ी संख्या में झांकिया व बैंड बाजे शामिल होंगे। रथ पर सवार भगवान विष्णु, श्रीराम,माता सीता,लक्ष्मण, हनुमान ,ब्रह्मा,माँ काली ,सरस्वती,लक्ष्मी,सहित अन्य देवी देवताओं के साथ बानर सेना ,भूत पिशाच दैत्य सहित भारी संख्या में शिव भक्त बैंड बाजे के साथ बाबा हरिहरनाथ मन्दिर से भगवान महादेव डोली व बसहा बैल पर बैठकर सैकड़ो के साथ बरात लेकर निकलेंगे ।इस भव्य बरात में करीब दर्जनों कलाकार इस शोभायात्रा में शामिल होंगे जिसमे आधा दर्जन से अधिक बैंड बाजे ट्रॉली व सैकड़ों की संख्या में शिव भक्त नाचते झूमते बारात में चलेंगे। शोभायात्रा 11 बजे बाबा हरिहरनाथ से निकल कर मीना बाजार, क्षत्रपति रोड, सिद्धनाथ चौक, चिड़िया बाजार, लकड़ी बाजार, नखास होते फिर हाजीपुर सोनपुर मुख्य मार्ग में रजिस्ट्री बाजार स्टेशन होते गोला बाजार से दुधैला बाईपास के बाद वापस मेला ग्राउंड में आकर सम्पन्न होगी। मेला ग्राउंड में संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जहां सभी देवी देवताओं राक्षसों के स्वरूप बने हुए कलाकारों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस शिव बारात में सोनपुर रजिस्ट्री बाजार,गोला बाजार ,दूधाइला मोड़ सहित जगह-जगह सभी शिव बारात में शामिल शिव भक्तों को स्वागत किया जाएगा।

मंदिर के पुजारी पवन शास्त्री व बमबम बाबा ने बताया कि महा शिवरात्रि के दिन दोपहर तक श्रद्धालु जलाभिषेक कर सकते है। संध्या समय में बाबा हरिहरनाथ का अलौकिक श्रृंगार एवं महाआरती की जाएगी। इसके बाद हर साल की तरह मंदिर परिसर में पारंपरिक होली गायन का कार्यक्रम होगा। महाशिवरात्रि के दिन रात्रि बेला में मांगलिक मंत्रोच्चारों शाखोच्चारों गोत्रोच्चारों के साथ प्रतीकात्मक रूप से माता पार्वती के साथ शिव का विवाह संपन्न होगा। कोषाध्यक्ष निर्भय सिंह ने बताया कि महा शिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करने आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ख्याल जाएगा। श्रद्धालुओं की भीड़ नियंत्रित करने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं भारत स्काउट-गाइड के कैडेट्स की मंदिर परिसर में तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि मंदिर न्यास समिति की ओर से पूजा, अर्चना एवं जलाभिषेक करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए है। शिवरात्रि के पावन पर्व पर जिन शिवालियों से शिव की बारात निकलेगी उसके लिए स्थानीय प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। सभी शिवालय से निकलने वाले शिव बारात में पुलिस बल की तैनाती की गई है। जो शिव बारात में वे लोग विधि व्यवस्था के साथ शांतिपूर्वक शिव बारात और शिवरात्रि पर्व को संपन्न कराने में सहयोग करेंगे।

## मशरक के आरपीएफ बैरक में मां दुर्गा एवं शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को कार्यक्रम आयोजित

**मशरक (सारण)।** मशरक जंक्शन परिसर में अवस्थित आरपीएफ बैरक में नव निर्मित मां दुर्गा एवं शिव मंदिर के प्रांण प्रतिष्ठा एवं पूजा-अर्चना की शुरुआत भव्य कलशयात्रा से शुरू की गयी। आरपीएफ बैरक से आचार्य सुरेंद्र उपाध्याय ने यजमान आरपीएफ इंस्पेक्टर छपरा मुकेश कुमार सिंह और धर्मपत्नी सोनी सिंह की मौजूदगी में नव निर्मित मंदिर परिसर से भव्य कलशयात्रा निकाली गई जो आरपीएफ बैरक से निकलकर पूरब टोला गांव, धनौती, रसौली पानापुर होते हुए सारंगपुर गांव अवस्थित गंडक नदी के घाट पर पहुंची जहां विधिवत पूजा अर्चना कर पवित्र जल कलश में भरा गया और पुनः यज्ञमंडप में पहुंच वैदिक मंत्रोच्चार से प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर छपरा मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि आरपीएफ बैरक में नव निर्मित मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा और भगवान भोलेनाथ के शिव लिंग की स्थापना को लेकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम किया गया। मौके पर आरपीएफ मशरक चौंकी प्रभारी रमेश केरकेट्टा, हेड कांस्टेबल मोलई प्रसाद, साहुल्लाह, लालबाबू प्रसाद यादव, राम उजागिर, मुकेश कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, कॉन्स्टेबल विजय प्रताप सिंह, आईओडब्ल्यू उपेन्द्र कुमार सिंह, स्टेशन अधीक्षक राजकुमार के साथ ग्रामीणों में नगर पंचायत उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित कुमार सिंह,कृष्णमोहन सिंह ( बाड़ा बाबू ), बीटू कुमार सिंह, शंभू रस्तोगी, रणवीर सिंह, श्री राम सिंह, सुनील सिंह, शिक्षक मुरली सिंह, वरूण सोनी, डॉ पी के परमार, अखिलेश सिंह,मोहन ओझा, किशोर रस्तोगी,राजू शर्मा, सुधीर रस्तोगी समेत महिलाएं उपस्थित थी।

## आग लगने से चार फूसनुमा घर जली, लाखों की संपत्ति जली

**मशरक (सारण)।** मशरक के सिकटी भीखम में 4 फूसनुमा पलानी में अचानक आग लग गयी आग ने सब कुछ जलाकर राख कर दिया। सेमरी मुखिया प्रतिनिधि दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि 4 फुसनुमा पलानी में आग लग गयी, स्थानीय लोगों के द्वारा आग बुझाने का प्रयास भी किया गया लेकिन प्रयास असफल साबित हुआ है, देखते ही देखते चारों पलानी में रखा हुआ खाने के लिए अन्न सहित कपड़ा समेत लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। पीड़ित सिकटी भीखम निवासी लखी महतो पिता स्वर्गीय शिवचरण महतो, तेतरा देवी पति स्व रुपा महतो, राम प्रवेश महतो पिता स्व गोपाल महतो, परशुराम महतो पिता स्व राम अवतार महतो है। पीड़ित सभी मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं।

## मशरक के राजापट्टी रेलवे ढाला पर ऑटो चालक में मारपीट, चार घायल

**मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के राजापट्टी रेलवे ढाला पर ऑटो चालक में रूपये लेन देन को लेकर हुए विवाद में जमकर मारपीट में 4 घायल हो गए। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में इलाज हुआ। घायलों की पहचान पानापुर थाना क्षेत्र के पिपरा सिंगाही गांव निवासी सुरेंद्र राय के 3 पुत्र 25 वर्षीय राकेश राय, 28 वर्षीय अवधेश राय और 26 वर्षीय मुकेश कुमार वही दूसरे पक्ष से मशरक थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव से पीताम्बर राय का 18 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार के रूप में हुई। घटना के बारे में घायलों ने बताया कि रूपये के लेन देन को लेकर बकझक हुई उसी दौरान मारपीट हो गई जिसमें सभी घायल हो गए। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ ने प्राथमिक उपचार किया।

## मशरक के शख्स की छत्तीसगढ़ में सड़क दुघर्टना में मौत, परिजनों में छाया मातम

**मशरक (सारण)।** मशरक के कवलपुरा गांव के शख्स की सड़क दुघर्टना में छत्तीसगढ़ के रायपुर में मौत हो गई। शव गांव पहुंचते ही गांव में मातम छा गया। मृतक मशरक थाना क्षेत्र के कवलपुरा गांव के वार्ड -5 निवासी दुलारचंद शर्मा का 32 वर्षीय पुत्र श्री कांत शर्मा हैं। मृतक छत्तीसगढ़ के रायपुर में फैक्टी में काम करता था वहीं पर ड्यूटी पर जाने के दौरान ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें मौके पर ही मौत हो गई। थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक शादी शुदा हैं और उसको 2 लड़का और 1 लड़की हैं। परिजनों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। मौके पर बीडीसी दिलीप महंतों, मुखिया प्रत्याशी दिनेश कुमार सिंह, रंजन यादव ने शोक व्यक्त किया।

## आज शिवरात्रि पर्व को लेकर सोनपुर के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं करेगे जलाभिषेक,

**सोनपुर ।** पहलेजाघाट पुलिस ने एक गाँव के नाबालिक लड़की के अपहृत होने के बाद लुधियाना से बरामद करते हुए मेडिकल जांच व 164 के बयान के लिए छपरा गुरुवार को भेज दिया है। इस बात की जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि एक गांव के नाबालिक लड़की 3 जनवरी को एक युवक ने उसे पहला फुसलाकर शादी के नियत से उसे लुधियाना ले गया था जहां उसे बरामद करते हुए मेडिकल जांच और 164 के बयान के लिए न्यायालय भेजा गया है ।इस छापामारी में युवक अब तक गिरफ्तार नहीं हुआ है। लड़की के पिता दिलीप राय ने इस घटना की जानकारी पहलेजाघाट थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई थी जहां पुलिस ने मामले की तहकीकात करते हुए अपहृत बच्ची को बरामद करते हुए न्यायालय के लिए छपरा भेज दिया है।

## महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित भंडारों में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर(एकमा)।** महाशिवरात्रि पर्व का महत्व सभी पुराणों में है, गरूड़ पुराण, पद्म पुराण, स्कंद पुराण, शिव पुराण तथा अग्नि पुराण सभी में महाशिवरात्रि पर्व की महिमा का वर्णन मिलता है, परमेश्वर के तीन रूपों में से एक रूप की उपासना महाशिवरात्रि के दिन की जाती है। इस दिन भगवान शिव ने माता पार्वती के साथ विवाह किया था, और इसी महापर्व के उपलक्ष्य में सारण के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा महेन्द्रनाथ मंदिर के प्रांगण में कई सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं ने कार्यक्रम आयोजित किए, कहीं हवन व कीर्तन हुए तो कहीं भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया तो कई स्थानों पर भगवान शिव की महिमा का संगीतमय गुणगान किया गया। ''बाबा महेन्द्रनाथ'' सेवा मंच के तत्वावधान में आयोजित लौआरी मोड़ स्थित यात्री भवन में विगत 15 वर्षों से अखंड रामायण के साथ निःशुल्क प्रसाद का वितरण होता आया है तो वहीं एकमा भाग-1के जिला पार्षद इन्दु देबी के प्रतिनिधी भीम सिंह राठौर तथा राष्ट्रीय एथलीट व झारखंड पुलिस एशोसियेशन के विकास सिंह राठौर द्वारा महेन्द्रनाथ मंदिर के प्रांगण में महाशिवरात्रि के पूर्व आयोजित अलग अलग भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन की ब्यवस्था की गयी ताकि दुर दराज से बाबा महेन्द्रनाथ के दर्शन को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को रात्रि विश्राम के दौरान शुद्ध व शाकाहारी भोजन की सुविधा उपलब्ध हो सके।मौके पर शैलेन्द्र कुंअर,त्रिभुवन दुबे,आत्मा सिंह,युवराज अर्जुन सिंह, अमरजीत यादव,मुन्ना बाबा,दीपक सिंह आदि मौजूद थे।

## नव कुण्डीय श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली

**दाउदपुर(मांझी)।** प्रखंड के दाउदपुर पंचायत अंतर्गत संकटमोचन धाम गायत्री नगर दुमदुमा में आयोजित नव कुण्डीय श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकलते ही पूरा वातवरण हर-हर महादेव,जय हनुमान के जयघोष से गूंज उठा। कलश यात्रा में रंग-बिरंगे परिधान में शामिल होकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष युवक-युवतियां व बच्चे हर्षपुरा, बंगरा आदि गांव से होकर गुजरते हुए मांझी के प्रसिद्ध राम घाट स्थित सरयू नदी के पावन तट पर पहुचें। तत्पश्चात यज्ञाचार्य पंडित अमित शास्त्री के सानिध्य में पूर्ण विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माँ गंगे की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद श्रद्धालु जलभरी कर यज्ञ मंडप के लिए प्रस्थान किये। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में बाजे-गाजे व सैकड़ो वाहनों के साथ भाग लिया। कलश को यज्ञ स्थल पर स्थापित कर आचार्य पंडितो व विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नव कुण्डीय श्री रुद्र महायज्ञ की शुरुआत की। आयोजको ने बताया कि यह यज्ञ श्री मनोकामना नाथ महादेव मंदिर के तृतीय वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। यह महायज्ञ सात दिनों तक चलेगा। 13 मार्च को विशाल भंडरा के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति की जाएगी। यह अनुष्ठान समस्त ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है।

## पीएमईजीपी योजनांतर्गत 14 व पीएमएफएमई के तहत एक लाभुक को दी गई ऋण की राशि

**सिवान :** जिला समाहरणालय सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में उद्योग विभाग से संबंधित योजनाओं यथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमी (पीएमएफएमई) योजना की समीक्षा की गई। साथ ही ऋण वितरण शिविर का आयोजन कर पात्र लाभार्थियों के बीच राशि का वितरण किया गया। ऋण वितरण शिविर के दौरान उक्त दोनों योजनाओं के तहत 15 लाभार्थियों के बीच 95 लाख 70 हजार रुपये ऋण वितरित किया गया। इसमें पीएमईजीपी योजनांतर्गत 14 लाभुकों को 93 लाख 45 हजार रुपये व पीएमएफएमई योजनांतर्गत एक लाभुक को 2 लाख 25 हजार रुपये शामिल है।

**20 मार्च तक लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत ऋण वितरित करने के निर्देश :** पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजना की समीक्षा के क्रम में भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सहित अन्य बैंकों के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि 20 मार्च तक लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत ऋण वितरित कर दी जाएगी। इसपर डीएम द्वारा सभी लाभुकों को यह संदेश दिया गया कि बैंकों से प्राप्त ऋण राशि का सही उपयोग करते हुए अपने उद्योग को चलाएं तथा बेरोजगारों को रोजगार दें। साथ ही अपनी आय से निर्धारित समय पर ऋण का भुगतान भी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त, प्रभारी बैंकिंग शाखा सह जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक प्रवीर कुमार सिन्हा, सहायक उद्योग निदेशक, परियोजना प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सहित सभी बैंकों के पदाधिकारीगण, जिले के डीआरपी व लाभुक उपस्थित थे।

## शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने विभिन्न विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**सिवान :** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक गुरुवार को सिवान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण किया। स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने शिक्षकों के साथ-साथ छात्रों से भी संवाद किया। साथ ही पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उनके आने की खबर मिलते ही शिक्षा विभाग सहित विद्यालयों के शिक्षकों में हड़कंप मच गया था। गोपालगंज से आने के क्रम में सर्वप्रथम उन्होंने सदर प्रखंड अंतर्गत मध्य सह उच्च विद्यालय सरसर व एमएस विद्यालय अमलोरी का निरीक्षण किया। साथ ही राजकीय मध्य विद्यालय बद्दूदीनहाता में भी पठन-पाठन व्यवस्था का जायजा लिया। जिन विद्यालयों में कमरों की कमी है, वहां प्री-फैब स्ट्रक्चर का निर्माण कर बच्चों के लिए बैठने की व्यवस्था करने को निर्देशित किया।

**जवाहर नवोदय विद्यालय का भी किया निरीक्षण :** जवाहर नवोदय विद्यालय में निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं के छात्रावास का भी जायजा लिया। साथ ही रसोईघर में जाकर व्यवस्थाओं को देखा। छात्र-छात्राओं से पठन-पाठन से संबंधित जानकारी भी ली। उनसे मिलने पर सभी काफी उत्साहित नजर आए। निरीक्षण के क्रम में वे सभी व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखे। अतिथि गृह पहुंचने पर अपर मुख्य सचिव को गार्ड आफ आनर दिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता, उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार, सदर एसडीओ सुनील कुमार, सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र सिंह सहित सभी डीपीओ व शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## एक दिवसीय मेंहदार महोत्सव का आयोजन

**सिवान :** प्रखंड के मेंहदार स्थित महेंद्रनाथ मंदिर के पूरब स्थित भिंडा पर गुरुवार की शाम बिहार पर्यटन व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय मेंहदार महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम मुकुल कुमार गुप्ता, सांसद कविता सिंह, जिप अध्यक्ष संगीता यादव, एसपी अमितेश कुमार, डीडीसी मुकेश कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पूर्व अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके पूर्व इप्टा व स्कूली छात्र-छात्राओं ने लोक संगीत व नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। इस दौरान लोक गायिका डा.नीतू कुमार नवगीत ने गायन की शानदार प्रस्तुति की। उन्होंने पहला गीत भगवान भोलेनाथ को समर्पित करते हुए डीम डिम डमरू बजावे ला हमार योगिया प्रस्तुत कर समां बांध दिया। उन्होंने दूसरा गीत गौरी करके शृंगार आंगनवा में पिसे ली हरदिया, प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी।

तत्पश्चात उन्होंने पारंपरिक लोकगीत एहि ठहिया टिकुली हेरा गइले दईया पस्तुत की। गायिका ने जब सामयिक होली गीत रंग उड़े, गुलाल उड़े ए पिया कहिया ले आईबी दर्शक तालियां बजा स्वागत करने लगे। वहीं राधा सिन्हा ने सामूहिक नृत्य, शंभू शिखर की हास्य प्रस्तुति, अपूर्वा प्रियदर्शी ने नृत्य व संगीत तथा हेमंत बृजवासी ने संगीत की प्रस्तुति कर दर्शकों को खूब मनोरंजन किया। अभिषेक शुक्ला ढोलक, कुमार काकोण तबला, कुमार कर्णपुरी कीबोर्ड पर, करण कुमार आक्टोपैड पर संगत किया। मंच संचालन शंभू सोनी व सुधीर पांडेय ने किया।

## सिवान में 200 छात्रों को गोद लेकर पढ़ाएगा उम्मीद ट्रस्ट

**सिवान :** शहर में गुरुवार को उम्मीद एजुकेशनल एंड चेरिटेबल ट्रस्ट के कार्यालय का उद्घाटन चेयरमैन नवाज शरीफ ने किया। इस दौरान उन्होंने सिवान के 200 छात्र व छात्रा को गोद लेकर पढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सिवान के 200 छात्र व छात्राओं को केवल रहने खाने और परीक्षा शुल्क के खर्च पर हायर एजुकेशन ले सकते हैं। 200 छात्रों के कालेज फीस की पूरी जिम्मेदारी उम्मीद ट्रस्ट की होगी। उन्होंने कहा कि छात्र जो भी कोर्स करना चाहते हैं, बिहार-झारखंड को छोड़कर जिस भी राज्य से पढ़ना चाहते हैं। एसोसिएट ओमकार ने कहा कि उम्मीद ट्रस्ट देश हित में अच्छा काम कर रहा है। यह सिवान के लिए ऐतिहासिक क्षण है। जो भी छात्र व छात्रा ट्रस्ट की योजना शिक्षित भारत-विकसित भारत का लाभ लेना चाहते हैं वे ट्रस्ट कार्यालय से फार्म प्राप्त कर भर सकते हैं। इस मौके पर ट्रस्ट के एसोसिएट मैनेजर समर तनवीर, कोआर्डिनेटर मैनेजर फजल इमरान, मार्केटिंग टीम के अरमान खान, सिवान एसोसिएट ओमकार सहित जिले के कई अतिथि शामिल थे।

## शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में अपहृता की मां ने बुधवार को थाना में आवेदन देकर चक्रवृद्धि निवासी सोनू कुमार उर्फ आलोक, सारीपट्टी निवासी राजा रस्तोगी, दिलसादपुर निवासी करुणा सिंह को आरोपित किया है। उसने आरोप लगाया है कि वे सभी पुत्री को शादी की नीयत से 25 फरवरी की शाम घर से बुलाकर अपहरण कर लिए। थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि नाबालिग की बरामदगी तथा आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## एटीएम बदलकर 75 हजार रुपये निकासी का आरोप

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** थाना क्षेत्र के ब्रह्मस्थान निवासी रजनीश कुमार पांडेय ने गुरुवार को थाना में आवेदन देकर दो अज्ञात के विरुद्ध एटीएम कार्ड बदलकर खाता से तीन बार में 75 हजार रुपये कर लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि 27 फरवरी को भगवानपुर स्थित पीएनबी के एटीएम से राशि निकासी करने आया गया था जहां उसके एटीएम को दो युवकों ने चकमा देकर बदल लिया और खाते से पहली बार 60 हजार, दूसरी बार 10 हजार और तीसरी बार पांच हजार रुपये की निकासी कर ली। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शादी समारोह में फोटो खींचने के विवाद में युवक को चाकू मार किया घायल, रेफर

बसंतपुर  थाना बरवां कला गांव में बुधवार की शाम शादी समारोह में फोटो खींचने के विवाद कुछ युवकों ने बरात आए एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उसकी स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान लकड़ी नबीगंज ओपी के मदारपुर निवासी नंदकिशोर महतो के पुत्र गुड्डू कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बरवा कला निवासी ब्रिज किशोर महतो के घर बुधवार की शाम मदारपुर से बरात आई थी। सबकुछ सामान्य तरीके से रीति रिवाज चल रहा था। जब दूल्हे राजा विवाह की रस्म के लिए वधू के घर गए तो वर पक्ष के कुछ लड़के विवाह की रस्म की फोटो लेने के लिए आंगन में जाने लगे, इस पर वधू पक्ष के युवक द्वारा नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद दोनों तरफ से तनातनी हुई और **किसी युवक ने बरात में आए मदारपुर निवासी** गुड्डू कुमार को सर तथा जांघ में चाकू से प्रहार कर घायल कर दिया। इस दौरान बरात में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान कुछ लोगों के प्रयास से शादी की रस्म पूरी हुई। वहीं घायल युवक को इलाज के लिए बसंतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से चिकित्सक द्वारा बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## शिक्षा विभाग के निदेशक ने विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया

महाराजगंज (सिवान) ।बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के निदेशक कन्हैया श्रीवास्तव ने गुरुवार को महाराजगंज प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोखरा, राजकीय मध्य विद्यालय कसदेवरा तथा कन्या मध्य विद्यालय अफराद का निरीक्षण कर विद्यालय की स्थिति को जाना।

# महाशिवरात्रि की तैयारी पूरी, सज धज कर तैयार शिवालय

### मंदिर परिसर में होंगे मेले का आयोजन, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पुलिस बल की रहेगी तैनाती

सिवान : जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि का पर्व शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालु अल सुबह से ही शिवालय पहुंच भगवान शिव को जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना करेंगे। इसको लेकर जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में शिव मंदिर परिसर में साफ-सफाई तथा रंग-रोगन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वहीं मंदिर की आकर्षक ढंग से सजावट की गई है। मंदिर में जलाभिषेक करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के लिए मंदिर समिति के सदस्य सक्रिय रहेंगे। वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। महाशिवरात्रि को ले श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं विभिन्न मंदिरों में संध्या काल में श्रद्धालुओं द्वारा शिव विवाह, शिव चर्चा, आरती, भजन-कीर्तन आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महादेवा पंचमुखी शिव मंदिर के पुजारी आचार्य वीरेंद्र पांडेय ने बताया कि इस दिन जो श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान शिव को जलाभिषेक तथा उपवास रहकर भगवान शिव-पार्वत की आराधना करते हैं उनकी हर मनोकामना पूरी होती है।

ज्ञात हो कि शहर के महादेवा पंचमुखी शिव मंदिर, डाकबंगला रोड, फतेहपुर, श्रीनगर, स्टेशन रोड आदि शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके अलावा सिसवन के मेंहदार स्थित महेंद्रनाथ मंदिर, गुठनी के सोहागरा स्थित बाबा हंसनाथ मंदिर, जीरादेई के अकोल्ही स्थित अनंतधाम मंदिर, दारौंदा के रुकुंदीपुर, भीखाबांध, बगौरा, भगवानपुर हाट प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर, खैरवा, बसंतपुर स्थित लालबाबा मंदिर समेत अन्य मंदिरों में महाशिवरात्रि की तैयारी पूरी कर ली गई है।

**मंदिर परिसर में सज गई पूजा सामग्री समेत अन्य दुकानें :** महाशिवरात्रि को शहर के महादेवा पंचमुखी शिव मंदिर, सिसवन के मेहंदार स्थित महेंद्रनाथ शिव मंदिर, गुठनी के सोहागरा स्थित बाबा हंसनाथ मंदिर, जीरादेई के अकोल्ही स्थित अनंतधाम मंदिर परिसर समेत अन्य मंदिर परिसर में पूजा सामग्री समेत परचून, मिठाई, फास्ट फूड, खिलौना आदि की दुकानें सज गई हैं । इस दौरान मंदिर परिसर की सुंदरता बढ़ गई है।

**महेंद्रनाथ मंदिर में अरघा से जलाभिषेक करेंगे श्रद्धालु:** प्रखंड के मेंहदार स्थित ऐतिहासिक बाबा महेंद्रानाथ मंदिर श्रद्धालु भगवान शिव को अरघा के माध्यम से जलाभिषेक करेंगे। मंदिर में अरघा लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। अरघा के माध्यम से उनका जल सीधे शिवलिंग पर गिरेगा। मंदिर के अंदर महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग अरघा की व्यवस्था की गई है। पुरुषों को अरघा में जल चढ़ाकर पश्चिम के रास्ते बाहर निकलने तथा महिलाओं को जलाभिषेक के बाद उत्तरी गेट से निकलने की व्यवस्था की गई है। कमलदाह सरोवर से लेकर मंदिर तक पुरुष एवं महिला पुलिस बल की तैनाती की गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर से लेकर बाहर तक जगह-जगह मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। कमलदाह सरोवर से लेकर मंदिर के मुख्य गेट तक महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग बैरिकेडिंग कर आने जाने के लिए सुगम रास्ता बनाया गया है ताकि श्रद्धालु कतारबद्ध होकर जलाभिषेक करने एवं बाहर निकलें। वहीं दूसरी ओर मंदिर के चारों तरफ बैरिकेडिंग की गई है। विश्वकर्मा मंदिर, पंचायत सरकार भवन, व्यापार मंडल गोदाम, हनुमानगढ़ी के समीप बैरिकेडिंग की गई है ताकि बड़ी गाड़ियां मेले में प्रवेश नहीं करे। प्रत्येक बैरिकेडिंग की जगह मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है।

**महाशिवरात्रि में सोहागरा मंदिर में 60 मजिस्ट्रेट व 80 पुलिसकर्मी होंगे तैनातः** गुठनी (सिवान) : प्रखंड के सोहागरा स्थित बाबा हंसनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भीड़ व सुरक्षा को देखते हुए प्रशासनिक तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जिला दंडाधिकारी के निर्देशानुसार मुख्य प्रवेश द्वार पर गुठनी बीडीओ डा.संजय कुमार व दरौली सीओ तैनात रहेंगे।

वहीं गर्भगृह में गुठनी सीओ विकास कुमार व गुठनी बीडीओ डा.संजय कुमार अपने सहयोगियों के साथ तैनात रहेंगे। मेला क्षेत्र में भ्रमणशील मजिस्ट्रेट के रूप में मैरवा नगर पंचायत के कार्यपालक सहायक रविशंकर कुमार तैनात किए गए हैं। मंदिर के पीछे सारण नहर विभाग के अभियंता सुरेश कुमार, दरौली अवर निबंधन पदाधिकारी राजीव रंजन मंदिर के पश्चिम तैनात रहेंगे। वहीं चारों तरफ 80 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। सीओ विकास कुमार ने बताया कि सभी तैयारी पूरी कर लीं गई है।

## ओसार की हत्या मामले के दोनों आरोपित को पुलिस हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

### हत्यारों ने मृतक के दांत तोड़ा एवं गुप्तांग भी काटा

**हुसैनगंज (सिवान) :** थाना क्षेत्र के बिंदवल गांव निवासी अनवर अली के 16 वर्षीय पुत्र ओसार अली हत्या मामले में पुलिस ने आरोपित गांव के ही बुलेट अंसारी एवं सैयद अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। समाचार प्रेषण तक ओसार अली की हत्या क्यों और किसने की स्पष्ट नहीं हो पाया है। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि घटना की गहराइयों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। शीघ्र ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। ज्ञात हो कि 22 फरवरी की शाम लापता किशोर ओसार अली उर्फ विराट का शव 15 दिन बाद बुधवार की शाम नामजद आरोपित बुलेट अंसारी एवं सैयद अंसारी के घर के पीछे सरसों की खेत में क्षत-विक्षत अवस्था में पाया गया था। शव पूरी तरह सड़ चुका था तथा दूर से ही काफी बदबू आ रही थी। लोग नाक ढककर शव देखने जा थे। चेहरे का मांस गल जाने से नाक, मुंह एवं दांत की हड्डियां साफ दिखाई दे रही थी। आगे का आधा दर्जन दांत भी टूट हुआ था। मृतक के कपड़े से स्वजन ने शव का शिनाख्त किया। सूचना पर पहुंची पुलिस पर नाराज ग्रामीणों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव उठाने से मना कर वरीय अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़े थे। तत्पश्चात एसडीपीओ ने पहुंचकर उचित कार्रवाई की आश्वासन देकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया तथा शव का पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि शव देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि हत्यारों ने बेरहमी से किशोर की मारपीट कर हत्या की है। उसके दांत टूटे तथा गुप्तांग कटे हुए थे। उन्होंने बताया कि नामजद बुलेट एवं सैयद को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, लेकिन पूछताछ में अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिर किशोर की हत्या क्यों और किसने की है। इसका उद्भेदन जल्द कर लिया जाएगा। ज्ञात हो कि मृतक ओसार अली पूर्व में कक्षा नौ तक पढ़ाई करने के बाद जेसीबी चलाना सीख रहा था। वह दो बहन और चार भाइयों में तीसरे स्थान पर था। सभी भाई-बहन अविवाहित हैं। पिता अनवर अली दुकान चलाकर परिवार का पोषण करते हैं। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया है। आसपास के लोग स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे।

# 88 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के पावन पर्व पर  सोनपुर में निकाली गयी शोभायात्रा

**सोनपुर।** प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजयोग प्रशिक्षण केन्द्र ग्राम कुम्हरटोली, अंग्रेजी बाजार, सोनपुर  की ओर से 88 वीं त्रिमुर्ती शिव जयंति के पावन पर्व के अवसर पर शोभा यात्रा एवं मनमोहक झाँकी गुरुवार को निकाली गई। यह शोभा यात्रा स्थानीय सेवा केन्द्र से निकलकर अंग्रेजी बाजार ,गजग्राह चौक, हरिहरनाथ मंदिर, मीना बाजार ,हॉस्पीटल मोड़, स्टेशन रोड होते हुए गोला बाजार से वापस बरबट्टा होते हुए सेवा केन्द्र पर सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में ब्रम्हा कुमारी रीमा बहन ने कहा कि परम पिता परमात्मा शिव का अवतरण का यादगार शिव रात्रि है। उन्होने बताई की संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज में मूल शिक्षा आध्यात्मिक ज्ञान और सहज राज योग की शिक्षा द्वारा समाज का उत्थान एवं चरित्र निर्माण करना है मनुष्य अपने कर्म और गुना से महान बनता है भगवान शिव की आराधना करने वाले प्रत्येक भक्त की मुरादे पूर्ण होती है यदि कोई सच्ची आस्था और सरदार से भगवान शिव को याद करता है तो भगवान शिव भो उसकी मनोकामना अधूरी नहीं छोड़ते।  भोलेनाथ से सच्ची सुख शान्ति प्राप्त करने के लिए मनुष्य अपने बुराई, काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार, कटु वचन आपसी वैर विरोध रूपी शत्रु को चढ़ाने से और अपने आत्मा समझकर ज्योति बिन्दू शिव परमात्मका को याद करने से ही सच्ची मन की शांती मिल सकती है। भाग, धतुरा, अकवन का फुल चढ़ाने से नहीं। आज के समय में जीवन आतंक अत्याचार बलात्कार हत्या जैसे अपराधों से भयभीत है मानव अपने पतन की ओर बढ़ रहे हैं ऐसे में मानव को मानवता की ओर ले जाना ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय सेवा केंद्र द्वारा आजादी के अमृत



महोत्सव से संपूर्ण भारत वासी को मानवतावादी ओर ले जाना है। सोनपुर वासी के सभी श्रद्धालु भक्तो को 88 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंति की बधाइयाँ दिए तथा सभी आत्माओं की मंगल कामना करते हुए राजभोग मेडिटेशन से सभी रोगों से मुक्त एवं पापों से मुक्ती जीवन मुक्ती की प्राप्ति होने की शुभ संदेश दिए और 100 भाई बहनों के साथ मनमोहर झांकी के द्वारा सभी के मन को लुभाया। इस कार्यक्रम में निम्न भाई-बहन शामिल हुए :- स्थानीय सेवा केन्द्र के मुख्य संचालीका ब्रम्हाकुमारी रीमा वहन, हरिहरनाथ थानाध्यक्ष स्वर्ण प्रिया, राजयोगी ब्रम्हाकुमार, रवीन्द्र भाई, बेबी बहन, चुटुर, रूही, रेनू बहन, ललन भाई, मुन्ना भाई, रवीन्द्र भाई.नितू बहन, ओम प्रकाश भाई, राजवंशी भाई, विश्वनाथ भाई, ओम प्रकाश भाई, शिवम, रौशनी, आदित्री, दीपक, रौशन एवं प्रिंस, शीला, लीला, पुनम बहन, राकेश, तथा अन्य भाई बहन शामिल रहे ।

## आग लगने से तीन दुकान जली, लाखों की क्षति

**बसंतपुर (सिवान) :** प्रखंड मुख्यालय स्थित शांति मोड़ के समीप में गुरुवार की अल सुबह एक मिठाई दुकान में शार्ट सर्किट से आग लगने से करीब पांच लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग की लपट काफी भयावह थी। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते आग बगल स्थित जनरल स्टोर, पान की दुकान, साइकिल की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। दुर्गा मिष्ठान भंडार दुकानदार ब्रिज किशोर प्रसाद ने बताया कि गुरुवार की अल सुबह आग लगने की सूचना एक व्यक्ति ने मुझे मोबाइल पर दी। जब दुकान के समीप पहुंचा तो देखा कि आग आसपास की दुकानों को अपने आगोश में ले ली है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक दुकान में रखे तीन फ्रीजर, काउंटर, पंखा, बर्तन, मिठाई सब कुछ जल गया। वहीं राजकुमार प्रसाद की पान दुकान सह जनरल स्टोर की दुकान में एक करीब एक लाख तथा अजीमुल्ला की साइकिल दुकान में करीब एक लाख की संपत्ति जल कर राख हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। थानाध्यक्ष ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम पहुंच ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा ली।

## डीएम ने किया मेंहदार महोत्सव का उद्घाटन कलाकारों ने बांधी  समा

**सिसवन (सिवान)।** प्रखंड के मेंहदार स्थित महेंद्रनाथ मंदिर के पूरब स्थित भिंडा पर गुरुवार की शाम बिहार पर्यटन व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय मेंहदार महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम मुकुल कुमार गुप्ता, सांसद कविता सिंह, जिप अध्यक्ष संगीता यादव, एसपी अमितेश कुमार, डीडीसी मुकेश कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पूर्व अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके पूर्व इप्टा व स्कूली छात्र-छात्राओं ने लोक संगीत व नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। उद्घाटन के बाद डीएम ने कहा कि मेंहदार में प्रत्येक वर्ष मेंहदार महोत्सव का आयोजन कला व संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। इससे स्थानीय कलाकारों को भी बेहतर मंच मिलता है।

इस दौरान लोक गायिका डा.नीतू कुमार नवगीत ने गायन की शानदार प्रस्तुति की। उन्होंने पहला गीत भगवान भोलेनाथ को समर्पित करते हुए डीम डिम डमरू बजावे ला हमार योगिया प्रस्तुत कर समां बांध दिया। उन्होंने दूसरा गीत गौरी करके शृंगार आंगनवा में पिसे ली हरदिया, प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी।

तत्पश्चात उन्होंने पारंपरिक लोकगीत एहि ठहिया टिकुली हेरा गइले दईया पस्तुत की। गायिका ने जब सामयिक होली गीत रंग उड़े, गुलाल उड़े ए पिया कहिया ले आईबी दर्शक तालियां बजा स्वागत करने लगे। वहीं राधा सिन्हा ने सामूहिक नृत्य, शंभू शिखर की हास्य प्रस्तुति, अपूर्वा प्रियदर्शी ने नृत्य व संगीत तथा हेमंत बृजवासी ने संगीत की प्रस्तुति कर दर्शकों को खूब मनोरंजन किया। अभिषेक शुक्ला ढोलक, कुमार काकोण तबला, कुमार कर्णपुरी कीबोर्ड पर, करण कुमार आक्टोपैड पर संगत किया। मंच संचालन शंभू सोनी व सुधीर पांडेय ने किया।

## मशरक के आरपीएफ बैरक में मां दुर्गा एवं शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को कार्यक्रम आयोजित

**मशरक (सारण)।** मशरक जंक्शन परिसर में अवस्थित आरपीएफ बैरक में नव निर्मित मां दुर्गा एवं शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजा-अर्चना की शुरुआत भव्य कलशयात्रा से शुरू की गयी। आरपीएफ बैरक से आचार्य सुरेंद्र उपाध्याय ने यजमान आरपीएफ इंस्पेक्टर छपरा मुकेश कुमार सिंह और धर्मपत्नी सोनी सिंह की मौजूदगी में नव निर्मित मंदिर परिसर से भव्य कलशयात्रा निकाली गई जो आरपीएफ बैरक से निकलकर पूरब टोला गांव, धनौती, रसौली पानापुर होते हुए सारंगपुर गांव अवस्थित गंडक नदी के घाट पर पहुंची जहां विधिवत पूजा अर्चना कर पवित्र जल कलश में भरा गया और पुनः यज्ञमंडप में पहुंच वैदिक मंत्रोच्चार से प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर आरपीएफ इंस्पेक्टर छपरा मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि आरपीएफ बैरक में नव निर्मित मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा और भगवान भोलेनाथ के शिव लिंग की स्थापना को लेकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम किया गया। मौके पर आरपीएफ मशरक चौंकी प्रभारी रमेश केरकेट्टा, हेड कांस्टेबल मोलई प्रसाद, साद्दुल्लाह, लालबाबू प्रसाद यादव, राम उजागिर, मुकेश कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, कॉन्स्टेबल विजय प्रताप सिंह, आईओडब्ल्यू उपेन्द्र कुमार सिंह, स्टेशन अधीक्षक राजकुमार के साथ ग्रामीणों में नगर पंचायत उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित कुमार सिंह,कृष्णमोहन सिंह (बाड़ा बाबू), बीटू कुमार सिंह, शंभू रस्तोगी, रणवीर सिंह, श्री राम सिंह, सुनील सिंह, शिक्षक मुरली सिंह, वरूण सोनी, डॉ पी के परमार, अखिलेश सिंह,मोहन ओझा, किशोर रस्तोगी,राजू शर्मा, सुधीर रस्तोगी समेत महिलाएं उपस्थित थी।

# आज शिवरात्रि पर्व को लेकर सोनपुर के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं करेगे जलाभिषेक

### 11 बजे से बाबा हरिहरनाथ मंदिर से निकलेगी भव्य शिव बारात की झांकी

### बाबा हरिहरनाथ मंदिर सहित अन्य शिवालयों में हल्दी रस्म के साथ शुरू हुआ भगवान शिव-पार्वती विवाह महोत्सव



**सोनपुर ।** देवाधिदेव महादेव और माता पार्वती के विवाह दिवस यानि महाशिवरात्रि के पूर्व संध्या पर गुरुवार को सोनपुर के प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर सहित अन्य शिवालयों में शिव पार्वती विवाह की रस्में शुरू हो गई है। महाशिवरात्रि के पूर्व गुरुवार के शाम मंदिर के मुख्य अर्चक आचार्य सुशील चन्द्र शास्त्री के नेतृत्व में बाबा हरिहरनाथ का हल्दी- कलश की सभी रस्में विधि विधान के साथ पूरी की गई। श्रद्धालु महिलाओं ने मंगल गीत गाए। इस मौके पर भगवान सत्यनारायण पूजा का भी आयोजन भी किया गया एवं सामाजिक सरोकारों के साथ भोज का आयोजन हुए जिसमें भक्तों ने महाप्रसाद भी ग्रहण किया। मंदिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह लल्ला और कोषाध्यक्ष निर्भय कुमार ने  बताया कि मंदिर के मुख्य अर्चक आचार्य सुशील चन्द्र शास्त्री के नेतृत्व शुक्रवार की रात्रि में विधि विधान के साथ धूमधाम से माता पार्वती के साथ भगवान शिव का शुभ विवाह संपन्न होगा। दूसरी ओर महाशिवरात्रि के मौके पर आज सोनपुर के प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर, भरपुरा शिव मंदिर ,पहलेजाघाट शिवमंदिर सहित प्रखंड क्षेत्र के अन्य शिवालयों जो हर साल शिवालयों से हाथी-घोड़े और गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से निकलने वाली भगवान शिव की बारात एवं देवी देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियों की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं महाशिवरात्रि के मौके पर जलाभिषेक करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर न्यास समिति की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए है। विजय कुमार सिंह लल्ला ने बताया कि महाशिवरात्रि के मौके पर रात डेढ़ के बाद डेढ़ बजे बाबा हरिहरनाथ को स्नान कराया जाएगा। इसके बाद मंदिर के मुख्य अर्चक सुशील चन्द्र शास्त्री ,पवन शास्त्री ,बमबम बाबा अन्य आचार्यो के साथ भगवान का रूद्राभिषेक करेंगे। दो बजे के बाद बाबा हरिहरनाथ पर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का पट खोल दिया जाएगा। दूसरी ओर गुरुवार को मंदिर के मुख्य अर्चक आचार्य सुशील चन्द्र शास्त्री के नेतृत्व में बाबा हरिहरनाथ का हल्दी- कलश और विवाह के पूर्व की सभी आवश्यक रस्में विधि-विधान के साथ पूरी की गई। श्रद्धालु महिलाओं ने मंगल गीत गाए। सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन भी किया गया। विवाह संपन्न होने के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण होगा। दूसरी ओर शोभायात्रा के आयोजन समिति के संयोजक राजीव मुनमुन व समाजसेवी मुकेश सिंह ,लालबाबू पटेल,जयंत सिंह ने बताया कि इस बार शोभायात्रा में बड़ी संख्या में झांकिया व बैंड बाजे शामिल होंगे। रथ पर सवार भगवान विष्णु, श्रीराम,माता सीता,लक्ष्मण, हनुमान ,ब्रह्मा,माँ काली ,सरस्वती,लक्ष्मी,सहित अन्य देवी देवताओं के साथ बानर सेना ,भूत पिशाच दैत्य सहित भारी संख्या में शिव भक्त बैंड बाजे के साथ बाबा हरिहरनाथ मन्दिर से भगवान महादेव डोली व बसहा बैल पर बैठकर सैकड़ो के साथ बरात लेकर निकलेंगे ।इस भव्य बरात में करीब दर्जनों कलाकार इस शोभायात्रा में शामिल होंगे जिसमे आधा दर्जन से अधिक बैंड बाजे ट्रॉली व सैकड़ों की संख्या में शिव भक्त नाचते झूमते बारात में चलेंगे। शोभायात्रा 11 बजे बाबा हरिहरनाथ से निकल कर मीना बाजार, क्षत्रपति रोड, सिद्धनाथ चौक, चिड़िया बाजार, लकड़ी बाजार, नखास होते फिर हाजीपुर सोनपुर मुख्य मार्ग में रजिस्ट्री बाजार स्टेशन होते गोला बाजार से दुधैला बाईपास के बाद वापस मेला ग्राउंड में आकर सम्पन्न होगी। मेला ग्राउंड में संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जहां सभी देवी देवताओं राक्षसों के स्वरूप बने हुए कलाकारों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस शिव बारात में सोनपुर रजिस्ट्री बाजार,गोला बाजार ,दूधाइला मोड़ सहित  जगह-जगह सभी शिव बारात में शामिल शिव भक्तों को स्वागत किया जाएगा। मंदिर के पुजारी पवन शास्त्री व बमबम बाबा ने बताया कि महा शिवरात्रि के दिन दोपहर तक श्रद्धालु जलाभिषेक कर सकते है। संध्या समय में बाबा हरिहरनाथ का अलौकिक श्रृंगार एवं महाआरती की जाएगी। इसके बाद हर साल की तरह मंदिर परिसर में पारंपरिक होली गायन का कार्यक्रम होगा। महाशिवरात्रि के दिन रात्रि बेला में मांगलिक मंत्रोच्चारों शाखोच्चारों गोत्रोच्चारों के साथ प्रतीकात्मक रूप से माता पार्वती के साथ शिव का विवाह संपन्न होगा। कोषाध्यक्ष निर्भय सिंह ने बताया कि महा शिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करने आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ख्याल जाएगा।